




अंक 16, 1 अगस्त 2017

# संगठन संवाद पत्र

## विस्तृत प्रवास, उत्तर प्रदेश

29, 30 और 31 जुलाई 2017





# शासन नहीं सेवा के लिए है 2017 का जनादेश









## 29 जुलाई 2017

(प्रातः 6:15 से रात्रि 11: 30)












**6.15** अहमदाबाद निवास से एयरपोर्ट के लिए प्रस्थान

**7.15** दिल्ली के लिए प्रस्थान

**9.15** दिल्ली एयरपोर्ट में आगमन

**9.20** दिल्ली एयरपोर्ट से लखनऊ के लिए प्रस्थान

**10.25** लखनऊ एयरपोर्ट में आगमन पर मुख्यमंत्री, उपमुख्यमंत्री, मंत्रियों एवं वरिष्ठ पदाधिकारियों द्वारा भव्य स्वागत

**10.40** एयरपोर्ट से इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान के लिए प्रस्थान एवं मार्ग में दर्ज़नो स्थानों में पार्टी कार्यकर्ताओं द्वारा स्वागत

**11.30** इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में प्रदेश से लेकर जिला स्तर तक के पदाधिकारियों के साथ खुली चर्चा में श्री शाह ने सभी के साथ विचारों का आदान प्रदान किया

**1.30** प्रदेश के सम्मानीय वरिष्ठ नागरिकों के साथ भोजन के दौरान चर्चा में श्री शाह ने विभिन्न मुद्दों पर केंद्र और प्रदेश सरकार का पक्ष रखा और मेहमानों के विचारों को धैर्य पूर्वक सुना

**2.15** प्रदेश पदाधिकारियों के साथ खुली चर्चा में सभी के विचार खुले मन से सुने और जिले स्तर पर पार्टी और सरकार के बीच समन्वय से सम्बंधित मुद्दों को संज्ञान में लिया

**2.45** वरिष्ठ पदाधिकारियों के साथ संगठनात्मक बैठक

**4.00** पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं के साथ बैठक

**4.30** प्रदेश कार्यालय के लिए प्रस्थान

**5.00** प्रदेश कार्यालय में सययोगी दलों के साथ समन्वय के विभिन्न मुद्दों पर चर्चा

**6.45** मंत्री परिषद् के साथ बैठक में पार्टी संगठन और सरकार के बीच समन्वय के विभिन्न मुद्दों पर चर्चा

**8.30** मुख्यमंत्री एवं अन्य वरिष्ठ पदाधिकारियों के साथ भोजन पर चर्चा

**8.30** प्रदेश कोर ग्रुप की बैठक में पार्टी की भविष्य की रणनीति पर चर्चा

**10.30** वरिष्ठ केन्द्रीय पदाधिकारियों के साथ दिन भर के कार्यक्रम की समीक्षा

**11.30** प्रदेश कार्यालय के अतिथि कक्ष में रात्रि विश्राम



## 30 जुलाई 2017

(प्रातः 8:45 से रात्रि 11:30)











**8.45** वरिष्ठ पदाधिकारियों के साथ प्रदेश कार्यालय में नाश्ते पर चर्चा

**9.15** राष्ट्रीय अखबार के वरिष्ठ सम्पादकों के साथ अनौपचारिक चर्चा

**9.15** प्रदेश के वरिष्ठ मंत्री के साथ चर्चा

**10.50** प्रदेश कार्यालय सभागार में विभागों और प्रकल्पों की बैठक में श्री शाह ने इनके लक्ष्यों और उनकी मानिटरिंग की प्रणाली तय की

**12.00** वरिष्ठ पदाधिकारियों के साथ चर्चा

**12.25** पंडित दीनदयाल उपाध्याय विस्तारक योजना में निकले पूर्णकालिक विस्तारकों को स्वयं प्रशिक्षण देकर उन्हे उत्साहित किया और प्रदेश के वरिष्ठ पदाधिकारियों के साथ उनके समन्वय की रणनीति तय की

**1.15** पार्टी कार्यकर्ता सोनू यादव के निवास के लिए प्रस्थान

**1.30** मुख्यमंत्री एवं अन्य वरिष्ठ पार्टी पदाधिकारियों के साथ सोनू यादव के निवास में भोजन

**3.00** प्रदेश कार्यालय में आजीवन सहयोग निधि की बैठक में राष्ट्रीय अध्यक्ष ने लाक्ष्यों का निर्धारण करके पदाधिकारियों के दायित्व निश्चित किये

**3.45** चुनाव प्रबंधन, सोशल मीडिया और संगठन विस्तार पर पावर प्वाइंट प्रस्तुति के दौरान श्री शाह ने इन विभागों एवं पार्टी संगठन के लिए समयबद्ध लक्ष्यों का निर्धारण किया

**5.10** मुख्यमंत्री एवं अन्य पदाधिकारियों के साथ चाय पर चर्चा

**6.00** अटल सभागार में प्रबुद्ध वर्ग को संबोधित करते हुए श्री शाह ने पार्टी की विचारधारा एवं केंद्र सरकार की उपलब्धियों को मजबूती के साथ रखा

**8.00** मुख्यमंत्री निवास में वरिष्ठ संपादकों एवं मीडिया कर्मियों के साथ अनौपचारिक संवाद और भोजन के दौरान श्री शाह ने मीडिया के प्रश्नों के संतोषजनक उत्तर देते हुए उनकी कई भ्रांतियों को दूर किया

**9.45** राजनिवास में आगमन और महामहिम राज्यपाल से अनौपचारिक भेंट

**10.30** भाजपा कार्यालय में आगमन और दिन भर के कार्यक्रम की समीक्षा

**11.30** प्रदेश कार्यालय के अतिथि कक्ष में रात्रि विश्राम



# प्रवास कार्यक्रम

## 31 जुलाई 2017

(प्रातः 8:45 से सायं 7:20)

**8.45** वरिष्ठ पदाधिकारियों के साथ प्रदेश कार्यालय में नाश्ते पर चर्चा

**9.30** पार्टी के लिए काम करने वाले प्रोफेशनल टीम से चर्चा

**10.20** प्रदेश कार्यालय सभागार में विभिन्न मोर्चों एवं प्रकोष्ठों के साथ बैठक में राष्ट्रीय अध्यक्ष ने सभी के विचार सुने और उनके लिए समयबद्ध लक्ष्यों का निर्धारण किया

**11.00** प्रदेश कार्यालय सभागार में प्रेसवार्ता को संबोधित करते हुए श्री शाह ने मोदी सरकार की तीन वर्षों की उपलब्धियों को मजबूती से रखा और मीडियाकर्मियों के प्रश्नों के सधे हुए जवाब दिए

**11.45** मुख्यमंत्री एवं वरिष्ठ पदाधिकारियों के साथ चर्चा

**12.45** परिवार के वरिष्ठ साथी के निवास पर परिवार के वरिष्ठ प्रतिनिधियों के साथ भोजन पर अनौपचारिक चर्चा

**2.45** पंडित दीनदयाल जन्मशताब्दी संचालन समिति की बैठक में श्री शाह ने विभिन्न कार्यक्रमों की विस्तृत समीक्षा की और भविष्य के लक्ष्यों का निर्धारण किया

**2.55** ई-पुस्तकालय का उदघाटन

**3.10** वरिष्ठ पदाधिकारियों के साथ चर्चा और दूसरे दलों से भाजपा में शामिल हुए वरिष्ठ जन प्रतिनिधियों से भेंट

**4.00** हवाई अड्डे के लिए प्रस्थान

**4.40** दिल्ली के लिए प्रस्थान

**7.20** दिल्ली निवास में आगमन
















वर्ष 2017 में हुए उत्तर प्रदेश विधान सभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी को प्रचंड बहुमत का जनादेश मिला है। चुनाव परिणाम के बाद राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री अमित शाह विस्तृत प्रवास क ार्यक्रम के अंतर्गत 29, 30 और 31 जुलाई को तीन दिवसीय उत्तर प्रदेश प्रवास रहा। इस प्रवास में राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कार्यकर्ताओं के बीच जनादेश की आशाओं को संकल्प पत्र के माध्यम से पूरा करने और योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने का मंत्र दिया। राष्ट्रीय अध्यक्ष का यह प्रवास अनुकूल परिस्थितियों में संगठन के लिए और समर्पण भाव से कार्य करने की प्रेरणा देने वाला रहा। इस प्रवास को पार्टी निम्नवत उपलब्धियों के आलोक में देख रही है।



# शासन नहीं सेवा के लिए है 2017 का जनादेश

- पिछले डेढ़ दशको में सपा और बसपा सरकारों के कुशासन की याद दिलाते हुए श्री शाह ने विभिन्न मंचों से प्रदेश नेतृत्व और कार्यकर्ताओं को आगाह किया 2014 लोकसभा और 2017 में भाजपा को मिला अभूतपूर्व जनादेश प्रदेशवासियों का भाजपा से उम्मीदों का धोतक है। अतः हम सभी का दायित्व है कि हम सिर्फ और सिर्फ सेवा भाव से कार्य करे और शासक जैसी भावना तो हमारे मन में दूर-दूर तक नहीं आनी चाहिए अन्यथा भाजपा और अन्य दलों में क्या अंतर रहेगा? श्री शाह के इस मार्गदर्शन से कार्यकर्ताओं और खासकर प्रदेश नेतृत्व को व्यक्तिगत स्वार्थ से ऊपर उठकर आमजन के हित में काम करने के लिए एक निश्चित दिशा मिलेगा।

- पिछले चार वर्षों में पहले श्री शाह के स्वयं के हस्तक्षेप के कारण उत्तर प्रदेश में पार्टी का संगठन बहुत ही व्यवस्थित और संगठित रहा है परन्तु इस तीन दिवसीय प्रवास के दौरान हुई विभिन्न संगठनात्मक बैठको में राष्ट्रीय अध्यक्ष ने दो चुनावों में मिली भारी सफलताओं से कार्यकर्ताओं में आलस्य भाव की संभावनाओं का संज्ञान लेते हुए सभी को आगाह किया कि अर्श से फर्श तक आने में ज्यादा वक्त नहीं लगता अतः बिना रुके और थके हमें अपनी कमियों को पहचानना है और उनपर लगातार काम करना है। राष्ट्रीय अध्यक्ष की इस परामर्श का कार्यकर्ताओं में एक सकारात्मक सन्देश गया।

- विभिन्न बैठकों में श्री शाह ने बूथ स्तर तक के कार्यकर्ता को खुले से बिना किसी झिझक या भय के अपने विचार रखने का अवसर दिया जिससे संगठन से लेकर सरकार तक के काम-काज पर अनेक रचनात्मक सुझाव आये। श्री शाह द्ववारा प्रासंगिक सुझावों का सज्ञान लेते हुए उनपर यथोचित कार्यवाही के आश्वासन से नीचले स्तर के कार्यकर्ताओं में एक प्रभावी सन्देश गया।

- श्री शाह ने केंद्र सरकार द्वारा उत्तर प्रदेश के विकास के लिए हर संभव सहयोग का आश्वासन देते हुए कहा कि केंद्र द्वारा प्रदेश को मिलने वाली राशी में लगभग ढाई गुना वृद्धि (3,30,807 करोड़ से बढ़कर 8,08,612 करोड़) हुई है जिससे प्रदेश का सर्वांगीण विकास होगा। राष्ट्रीय अध्यक्ष ने केंद्र की योजनाओं से उत्तर प्रदेश को मिलने वालो लाभों में 59 लाख उज्जवला गैस सिलेंडर, 72 लाख मुद्रा योजना लाभार्थियों और 4।48 लाख शौचालयों इत्यादि का उल्लेख करते हुए अल्पकाल में प्रदेश सरकार द्वारा किसानो की कर्ज माफी जैसी दर्जनों जनहित की योजनाओं का हवाला दे कर कहा कि केंद्र सरकार और राज्य सरकार के परस्पर सहयोग से प्रदेश कुछ वर्षों में देश के विकसित राज्यों की श्रेणी में आ जाएगा। राष्ट्रीय अध्यक्ष द्वारा भाजपा सरकार द्वारा किये जा रहे जनहित ने कामो के प्रचार प्रसार के लिए कार्यकर्ताओं के आह्वान से निश्चित रूप से सरकार और पार्टी को मजबूती मिलेगी।

- श्री शाह इस प्रवास के दौरान ने कई मौकों पर प्रदेश में पार्टी को मिली सफलता के लिए गरीबो, पिछड़ो और दलितों से मिले समर्थन की बात याद दिला कर पार्टी और सरकार के प्रतिनिधियों को इस वर्ग का विशेष ध्यान रख कर उन्हें अधिक से अधिक संख्या में पार्टी से हर स्तर पर जोड़ने पर बल दिया। राष्ट्रीय अध्यक्ष के इस प्रयास से पार्टी के इस वर्ग में विस्तार की संभावनाए बढ़ेगी।

- हालांकि श्री शाह ने विधानसभा चुनाव के दौरान पार्टी के सोशल मीडिया तंत्र के प्रभावी काम को सराहा परन्तु उन्होंने इस तंत्र के आगे की विस्तार के लिए भी सुझाव देते हुए नए लक्ष्य तय किये जो कि भविष्य में पार्टी के प्रचार-प्रसार को और मजबूती देगा।

# राष्ट्रीय कार्यक्रम एवं बैठक विभाग

राष्ट्रीय राजनीतिक दल होने के नाते भारतीय जनता पार्टी देश में अलग-अलग स्थानों पर तमाम कार्यक्रम आयोजित करती रहती है। पार्टी का विशाल संगठनात्मक विस्तार एवं सक्रियता होने की वजह से लगभग हर दिन कहीं न कहीं कोई न कोई कार्यक्रम अथवा बैठकें होती रहती हैं। ऐसे में इन कार्यक्रमों एवं बैठकों को व्यवस्थित एवं सुचारू रूप से संचालित करने के लिए पार्टी ने 'राष्ट्रीय कार्यक्रम एवं बैठक विभाग' की संरचना तैयार की है. इस विभाग की संरचना के पीछे प्रमुख उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि एक साझी सोच एवं समन्वय के साथ तय रुपरेखा के अनुरूप कार्यक्रम एवं बैठक आयोजित किए जाएँ। बैठकों की दिशा में एकरूपता एवं समन्वय को भी अनुशासित ढंग से संचालित करने के लिए इस विभाग की संरचना की गयी है। इस विभाग के उद्देश्य निम्न हैं:

- राष्ट्रीय कार्यक्रम एवं बैठक विभाग के अंतर्गत यह दायित्व निर्धारित किया गया है कि एक साझी सोच के साथ पार्टी यह तय करे कि संबंधित कार्यक्रम का उद्देश्य एवं लक्ष्य क्या हैं। इस संबंध में कार्यक्रम की विषय वस्तु और कार्यक्रम के व्यवस्था के निर्माण की जिम्मेदारी भी इस विभाग के अंतर्गत रखी गयी है।
- जिस प्रदेश अथवा स्थान पर पार्टी की बैठक अथवा कोई कार्यक्रम तय किया गया हो उसका बारीकी से फ़ॉलो-अप करना एवं उसकी समीक्षा करने का दायित्व भी इस विभाग को दिया गया है।
- राष्ट्रीय स्तर पर पार्टी के कार्यक्रमों एवं बैठकों के संचालन संबंधी कार्यों पर नजर रखते हुए, संयोजन से संबंधित दूरगामी और उपयोगी कार्य प्रणाली को विकसित करके उसे अमल में लाने का दायित्व पार्टी के राष्ट्रीय कार्यक्रम एवं बैठक विभाग को सौंपा गया है।
- कार्यक्रम अथवा बैठक समाप्त होने के पश्चात संयोजन एवं संचालन की संपूर्ण प्रक्रिया में जो कमियां रह गयी हों अथवा जो अच्छी बातें उभर कर सामने आई हों, उनपर गंभीरता से विचार करते हुए भविष्य में उनके उपयोग अथवा निराकरण संबंधी विषयों पर संज्ञान लेने का दायित्व पार्टी के राष्ट्रीय कार्यक्रम एवं बैठक विभाग को दिया गया है।
- किसी कार्यक्रम की उपयोगिता क्या है और यह पार्टी के लिए किस दृष्टि से उपयोगी सिद्ध हो रहा है, इसका नियमित मूल्यांकन करने का दायित्व इस विभाग को दिया गया है।

## राष्ट्रीय कार्यक्रम एवं बैठक विभाग पर श्री अमित शाह के विचार

संगठन में संवाद के लिए बैठकों और जन संपर्क के लिए कार्यक्रमों का आयोजन, भाजपा की परम्परा रही है। विश्व की सबसे बड़ी पार्टी होने के नाते देश के विभिन्न हिस्सों में एक ही दिन, एक ही समय अलग-अलग कार्यक्रम और बैठकें चलती हैं। इन कार्यक्रमों और बैठकों का सुचारू रूप से संचालन और पार्टी के लिए इसकी उपयोगिता बनाए रखने के लिए राष्ट्रीय कार्यक्रम एवं बैठक विभाग की भूमिका महत्वपूर्ण है। अतः इस विभाग का दायित्व है कि समय-समय पर कार्यक्रमों और बैठकों की रुपरेखा एवं संचालन पद्धति का नियमित मूल्यांकन करे जिससे कि इनमें संरचनात्मक एकरूपता बनी रहे।



"मैं आप सब को विश्वास दिलाता हूँ कि योगी जी के नेतृत्व में हम उत्तर प्रदेश में विकास की नई कहानी लिखेंगे और इसे देश का सर्वोत्तम प्रदेश बनायेंगे।"

भारतीय जनता पार्टी सरकार पहले भी उत्तर प्रदेश के साथ खड़ी थी लेकिन हमारी योजनायें सपा सरकार की निष्क्रियता के कारण राज्य की जनता तक पहुँच नहीं पाती थी। आज योगी सरकार गरीब-कल्याण योजनाओं को प्रदेश की जनता तक तत्परता के साथ पहुंचाने में लगी हुई है।

*****

यूपी में भाजपा सरकार बनने के बाद पहली ही कैबिनेट बैठक में किसानों के ऋण माफ़ कर दिए गए, लगभग 38 लाख टन गेहूं की खरीदी अब तक हो चुकी है जो एक रिकॉर्ड है।

*****

कांग्रेस की यूपीए सरकार के समय उत्तर प्रदेश को लोकल बॉडीज ग्रांट के तौर पर केवल 523 करोड़ रुपये मिलते थे जबकि मोदी सरकार ने इसमें 88 गुना की अभूतपूर्व वृद्धि करते हुए 46,026 करोड़ रुपये आवंटित किये हैं।

*****

मोदी सरकार द्वारा उत्तर प्रदेश को दी जाने वाली सभी सहायता को यदि जोड़ दिया जाए तो यह यूपीए सरकार की तुलना में लगभग 2.3 गुना ज्यादा है।

*****

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में हमने अंत्योदय के लक्ष्य को सामने रखते हुए एक सर्वस्पर्शी एवं सर्व-समावेशी विकास का मॉडल अपनाया है जो हर वर्ग को स्पर्श करता हो और सबको समाहित करता हो।

*****

1950 से 2017 की जन संघ से भारतीय जनता पार्टी की यात्रा का मूल सिद्धांत अंत्योदय, एकात्म मानववाद और सांस्कृतिक राष्ट्रवाद रहा है। जिस पार्टी का कोई सिद्धांत नहीं है, वह देश का विकास नहीं कर सकती। भारतीय जनता पार्टी ही एकमात्र ऐसी पार्टी है जो सिद्धांतों के आधार पर चलती है और देश के खोये हुए गौरव को पुनर्स्थापित करना चाहती है।

*****

कांग्रेस की यूपीए सरकार के दौरान 13वें वित्त आयोग में केन्द्रीय करों में उत्तर प्रदेश की हिस्सेदारी 2,80,467 करोड़ रुपये थी जबकि मोदी सरकार के समय 14वें वित्त आयोग में यह बढ़कर 7,10,966 करोड़ रुपये हो गई है।

*****

कांग्रेस सरकार के समय 13वें वित्त आयोग में यूपी को 24 हजार करोड़ रुपये की अनुदान सहायता प्राप्त हुई थी जिसे मोदी सरकार ने दोगुना बढ़ाकर 48 हजार करोड़ रुपया कर दिया है। केन्द्रीय योजनाओं के लिए उत्तर प्रदेश को 1,39,052 करोड़ रुपये की अतिरिक्त सहायता उपलब्ध कराई गई है।

*****

गन्ना किसानों के बकाये का 90.68 प्रतिशत का भुगतान किया जा चुका है जो अपने आप में बहुत बड़ी उपलब्धि है, इससे यह स्पष्ट हो गया है कि पहले सपा-बसपा के मिलीभगत के कारण गन्ना किसानों के बकाये का भुगतान नहीं हो पाता था।

*****

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में काले-धन के खिलाफ चरणबद्ध व वैज्ञानिक तरीके से अभियान की शुरुआत की गई और हजारों करोड़ के काले धन ज़ब्त किये गए। आज़ादी के बाद काले-धन पर अंकुश लगाने के लिए इतने बड़े पैमाने पर कदम कभी नहीं उठाये गए।

लखनऊ में शाह का भव्य स्वागत

अयोध्या में जरूर बनेगा राम मंदिर: शाह

उत्तर प्रदेश को मिलेगी भरपूर मदद

2019 में पूर्ण बहुमत की सरकार बनेगी : शाह

पार्टी को अपराजेय बनाने का लक्ष्य लेकर मिशन पर निकले हैं अमित शाह ...

यूपी को विपक्ष विहीन बनाने की रणनीति में जुटी भाजपा

बिहार-उप्र के बाद हरियाणा में शाहगीरी, सांसत में विपक्षी दल

देश में लगातार बढ़ रही भाजपा की ताकत : शाह

यूपी में अमित शाह का 'मिशन यादव'

कोई नहीं जानता भाजपा का अगला अध्यक्ष कौन : शाह

कहा, आंतरिक लोकतंत्र की वजह से उनकी पार्टी औरों से बेहतर, बुद्धिजीवियों के समागम में गिनाई खूबियां

शाह ने किया पिछड़ी जाति के कार्यकर्ता के घर में भोजन

यूपी को सुधारने में लगेगा समय: शाह

राममंदिर भाजपा के एजेंडे में : अमित शाह

तुष्टीकरण का खेल खत्म: अमित शाह

'मंदिर बनवाएंगे लेकिन अदालत के फैसले या आम सहमति से'

उप्र में शाह के कदम रखते ही हल हुए कई सवाल

यशवंत, बुक्कल और जयवीर के इस्तीफे से भाजपा की राह हुई आसान

यूपी बीमारू राज्य नहीं रहेगा : अमित शाह

'इंदिरा के पैटर्न पर राजनीति नहीं करती भाजपा'

शाह की सर्जिकल स्ट्राइक

यूपी की जनता के सभी वादे पूरे करेंगे

यूपी में नया प्रदेश अध्यक्ष जल्द: शाह

देश में बढ़ रही है भाजपा की ताकत : अमित शाह

भाजपा अजेय पार्टी बनेगी: शाह

शाह ने की योगी की तारीफ, कई मंत्रियों की ली क्लास

'भाजपा को अपराजेय बनाना लक्ष्य'

नीतीश और कांग्रेस की टूट पर भी बोले भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष

कानूनी रास्ते या संवाद से ही बनेगा राम मंदिर : शाह

योगी सरकार ने भ्रष्टाचार पर करारी चोट की

उप्र में अब भाजपा का मिशन यादव







Did not use govt machinery to trigger defections: Shah

*One BSP, two SP MLCs quit UP Council, Maya and Akhilesh cry foul*

MLCs rue 'Samajwadi akhada' & irrelevant BSP

Only BJP has internal democracy, says Shah

Amit Shah asks Yogi to bridge party-govt gap

2 MLCs from SP resign, time it with Shah arrival

Three MLCs resign, clear way for Yogi

Two SP MLCs, one from BSP quit in UP; parties blame BJP

Only BJP allows inner-party democracy, says Amit Shah

Make BJP Invincible: Shah

Amit Shah in UP to set tone for 2019 LS polls

Make BJP invincible in UP, Shah tells CM Yogi

BJP national president directs cadre to bridge gap between party and govt

'Chanakya' Amit Shah Guides Us on Governance, Says Yogi

Political rebellion in UP

Make BJP invincible in UP, Shah tells CM Yogi

2 SP leaders resign, time it with Shah arrival in UP

'Didn't use govt power to trigger defections'

Joining Date: Oppn Sees Saffron

http://www.bjp.org/adhyakshiyapravas2017